# काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर

## रोवर्स / रेंजर्स वार्शिक रिपोर्ट 2017–18

**राश्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यकम के अन्तर्गत आयोजित विश्व अलजाइमर्स दिवस पर आयोजित जन–जागरूकता रैली में रोवर्स / रेंजर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।**





मानसिक रोग अभिशाप नहीं

स्वास्थ्य विभाग की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली बचाव व इलाज पर हुआ मनन

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व अल्जाइमर्स दिवस तथा राष्ट्रीय डेमेन्सीया जागरूकता सप्ताह के तहत बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जन जागरूकता रैली निकाली गई तो संगोष्ठी कर मानसिक रोग के उपचार व बचाव व कारणों पर गहन चिंतन मनन किया गया।

महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल से कानरा महाविद्यालय व विभूति नारायण राजकीय इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं के साथ निकाली गई रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश सिंह, मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. वीडी प्रसाद व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी डा. राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं जागरूकता संबंधी नारे लिखे बैनर-पोस्टर लिए नारे लगाते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। इसके पश्चात जिला पंचायत सभागार में रैली का समापन कर संगोष्ठी की गई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कानरा महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि मानसिक रोग से बचाव का सबसे अच्छा उपाय है हमेशा खुश रहे। तनावमुक्त रहें। नोडल अधिकारी डा. राजीव ने कहा कि मानसिक रोग अभिशाप नहीं है। इसका इलाज संभव है। समय से इसका इलाज कराने का प्रयास करना चाहिए। बताया कि मानसिक रोग आनुवांशिकी, मस्तिष्क घात, मधुमेह, पारिवारिक कलह आदि के चलते होता है सीएमओ डा. सतीश सिंह ने कहा कि देश में प्रति एक हजार व्यक्ति पर 73 लोग मानसिक रोग से पीड़ित हैं। 60 वर्ष से अधिक के उम्र के लोग अधिक प्रभावित होते हैं। इस मौके पर डा. सुशील मिश्रा, डा भारतेंदु द्विवेदी, डा. अशोक कुमार, रोहिताश दुबे, विनय भारती, आशीष श्रीवास्तव आदि थे।

जिला पंचायत सभागार में गोष्ठी में बोलते सीएमओ डा .सतीश सिंह • जागरण

दिनांक 20 जनवरी 2018 से 25 जनवरी 2018 तक **रोवर्स / रेंजर्स का** पाँच दिवसीय वार्षिक प्र"िाक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





इसके प"चात् जनपदीय **रोवर्स / रेंजर्स समागम की मेजबानी भी महाविद्यालय द्वारा की गयी जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस समागम में महाविद्यालय के रोवर्स कू तथा रेंजस टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।**



दिवसीय जनपदीय रोवर्स-रेंजर्स समागम का समापन

| निज संवाददाता

नरेश राजकीय स्नातकोत्तर ग्रालय मैदान में चल रहे दो जनपदीय रोवर्स-रेंजर्स का समापन बुधवार को हो तिम दिन रोवर्स-रेंजर्सों ने लघु चन, झांकी, कैंप फायर, तंबू पुल निर्माण एवं कलर पार्टी जैसे प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग समें बेहतर प्रतिभाग करने वाले जर्स को पुरस्कृत कर सम्मानित या।

दौरान मुख्यअतिथि रहे पूर्व डा. जेपी सिंह ने कहा कि सुचारु त शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए क है कि प्रत्येक विद्यार्थी आत्म का व्यवहार करते हुए था स्थापित करें। अनुशासन का व्यक्ति का ज्ञान, शक्तियों, व आदर्शों को प्राप्त करने में देता है। प्राचार्य डा. शुभ्रा श्रीवास्तव ने कहा कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों से सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट लाने का प्रयास रेंजर्स-रोवर्स करें। ताकि जीवन, समाज व राष्ट्र उत्कृष्टता एवं उपलब्धियों के उच्च शिखर पर पहुंच सके। डा. कमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि युवाओं को आत्मानुभूति व आत्मनिर्धारण से निर्णय लेने की आवश्यकता है।

मुसीबत में फंसे पीड़ितों की सहायता करना रोवर्स-रेंजर्स का दायित्व होता है। युवा सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा करने को सदैव संकल्पित रहें। केशव प्रसाद राल्ही महाविद्यालय औराई, जगवंती देवी हीरानंद महाविद्यालय बेरवां पहाड़पुर प्रथम स्थान पर रहा। केएनपीजी कालेज व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय भदोही की टीमें द्वितीय स्थान पर रहीं। विजेता टीमों में शामिल सभी रोवर्स-रेंजर्सों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर डा. रमेशचंद्र यादव, डा. घनश्याम मिश्र, डा. प्रभात कुमार, डा. ऊषा यादव, डा. भावना, डा. बालेंदु पाठक, डा. सर्वेशानंद, डा. नीलखा, डा. मधु तिवारी, डा. ऋचा, डा. सीमा, डा. अभिमन्यु आदि मौजूद थे।

केएनपीजी कालेज में बुधवार को रोवर्स-रेंजर्स समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं (बाएं) व विजेता टीम के रोवर्स-रेंजर्स को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

# काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर

महाविद्यालय को गौरवान्वित करने वाले रोवर्स क्रू तथा रेंजर्स टीम ने के सभी सदस्यों को महाविद्यालय द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।



## पुरस्कार से प्रोत्साहित होते हैं विद्यार्थी

सम्मानित हुए रेंजर्स व रोवर्स के साथ शिक्षक • जागरण

जासं, ज्ञानपुर (भदोही) : पुरस्कार से छात्र-छात्राएं प्रोत्साहित होती हैं। उनमें किसी भी कार्य को पूरे उत्साह व जोश के साथ करने की भावना जागृत होती है। काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में मंगलवार को आयोजित रोवर्स-रेंजर्स के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डा. रमेशचंद यादव ने यह बातें कहीं। उधर पुरस्कार हाथ आते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स छात्र-छात्राओं को स्वस्थ शरीर चैतन्य मस्तिष्क व मन को शुद्ध रखने प विशेष ध्यान देना चाहिए। रोवर्स प्रभारी डा कमाल अहमद सिद्दीकी ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी। कहा कि रोवर्स-रेंजर्स द्वार पूरे शिक्षण सत्र में किये गया कार्यों के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम क आयोजन किया गया है। रेंजर्स प्रभारी डा रश्मि सिंह, रणजीत सिंह, अरुण कुशवाहा डा. प्रभात वर्मा आदि थे।

# काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर

## रोवर्स / रेंजर्स वार्शिक रिपोर्ट 2018–19

**महाविद्यालय में आयोजित पर्यावरण कुंभ में रेंजर्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला।**



केएनपीजी कॉलेज में मंगलवार को पर्यावरण कुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● हिन्दुस्तान

दिनांक 20 जनवरी 2019 से 25 जनवरी 2019 तक रोवर्स / रेंजर्स **के** पाँच दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



दिनांक 25 जनवरी 2019 को मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में रोवर्स/रेंजर्स ने बहुत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।




वार्षिक क्रीड़ा समारोह में भी रोवर्स/रेंजर्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।



वर्ष 2018–19 में **महाविद्यालय द्वारा** रोवर्स/रेंजर्स के **जनपदीय के साथ–साथ विश्वविद्यालयी समागम की भी मेजबानी की गई।**



## अनुशासित रहें, राष्ट्रहित में करें ऊर्जा का उपयोग

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से संबद्ध महाविद्यालयों के रोवर्स-रेंजर्स के चल रहे दो दिवसीय समागम के समापन शुक्रवार को किया गया। अतिथियों ने समागम में प्रतिभाग कर रही टीमों व रोवर्स रेंजर्स का उत्साह बढ़ाया। उधर दो दो दिन चले समागम के दौरान विद्यार्थियों ने टेंट, पुल निर्माण आदि से लेकर रंगारंग कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय डीएलडब्ल्यू वाराणसी की प्राचार्य डा. सुधा पांडेय ने कहा कि समुचित व सुव्यवस्थित शिक्षण एवं प्रशिक्षण के लिए आवश्यक है की प्रत्येक शिक्षार्थी-प्रशिक्षणार्थी आत्म नियंत्रण का प्रयोग करते हुए व्यवहार से सुव्यवस्था स्थापित करें। साथ ही अनुशासित रहे। प्रशिक्षण में मिली जानकारी का समाजहित में प्रयोग करने पर जोर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने कहा कि अनुशासन से ही सफलता मिलती है।

उन्होंने व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधियों से सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता लाने व जीवन के उच्च शिखर को छूने का प्रयास करें। आयोजन सचिव रोवर्स प्रभारी डा. कमाल अहमद सिद्दीकी ने युवाओं को आत्मानुभूति, आत्म निर्धारण, आत्म समन्वय, दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लेने पर जोर दिया। रेंजर्स प्रभारी डा. रश्मि सिंह ने समागम के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. कामिनी वर्मा, डा. रमेशचंद यादव, डा. हरिश्चंद यादव, डा. सीमी आजम, डा. लोकपति त्रिपाठी, डा. अवधेश, डा. रणजीत आदि समागम को संपन्न कराने में लगे रहे।

रोवर्स - रेंजर्स समागम में काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के रोवर्स रेंजर्स प्रथम, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही के द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय औराई व घनश्याम दुबे महाविद्यालय सुरियावां के रोवर्स रेंजर्स तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

केएनपीजी कालेज में रोवर्स- रेंजर्स की ओर से पुल का अवलोकन करते खिलाड़ी • जागरण

### समागम का समापन

- दो दिवसीय आयोजन में रोवर्स-रेंजर्स ने दिखाई प्रतिभा
- सफल टीमों व छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



## धर्मनिरपेक्षता में रोवर्स-रेंजर्स की सहभागिता अहम

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर। समाज सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं धर्म निरपेक्षता में रोवर्स-रेंजर्स की सहभागिता महत्वपूर्ण है। कठिन परिस्थितियों का सामना करने तथा आपात स्थिति में सेवा करने का लिया गया प्रशिक्षण समाज के विकास में परमार्थ का काम करता है।

यह बात गुरुवार को केएनपीजी कालेज में दो दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स समागम का सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार मिश्र ने कहीं। वहीं छात्राओं ने वंदना, स्वागत एवं कुलगीत प्रस्तुत कि या। आयोजन सचिव रोवर्स प्रभारी डा.कमाल अहमद सिद्दीकी, रेंजर्स प्रभारी डा.रश्मि सिंह ने स्कार्फ, बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया।

पहले दिन ध्वज शिष्टाचार, पासिंग आउट परेड, प्राथमिक सहायता प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, लघु नाटक, कैंप फायर, मर्यादा सभा, किम्स गेम, सैंड स्टोरी व लोकगीत आदि प्रतियोगिताओं का प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण आयुक्त शीतला प्रसाद, संगठन आयुक्त शेषधर दुबे तथा राधा त्रिपाठी ने दिया। प्रशिक्षण में केएनपीजी ज्ञानपुर, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी महावि द्यालय भदोही, केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महाविद्यालय औराई, घनश्याम दुबे महाविद्यालय सुरियावां की टीमों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षुओं ने मार्चपास्ट की सलामी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा.रमेशचंद्र यादव ने किया। इस मौके पर डा. प्रभात कुमार, डा. शुभा श्रीवास्तव, डा. किशोरीलाल पांडेय, डा. मंजू देवी, डा. घनश्याम मिश्र, डा. सुरेंद्र सिंह यादव, डा. कामिनी वर्मा, डा. किरण शर्मा, डा. श्रीप्रकाश मिश्र आदि का सहयोग रहा।

केएनपीजी कॉलेज में आयोजित रोवर्स-रेंजर्स समागम में मार्च पास्ट करतीं छात्राएं। अमर उजाला

### केएनपीजी कॉलेज में दो दिवसीय समागम का आगाज

### अतिथियों का बैज लगाकर किया गया स्वागत

